



नवभारत 10

सतना, गुरुवार 26 फरवरी, 2026


# 31 लाख से अधिक की धोखाधड़ी करने के मामले में 9 आरोपी गिरफ्तार

## रीवा और इंदौर में दी गई दबिश, आरोपियों के पास से नगदी और तीन नोट गिनने वाली मशीन जब्त

नवभारत न्यूज

**रीवा, 25 फरवरी, चोरहटा थाना अन्तर्गत शेयर मार्केट कम्पनी में निवेश करने का झासा देकर 31 लाख से अधिक की धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने 9 आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ कार, 51 हजार नगद एवं तीन नोट गिनने वाली मशीन बरामद की है. रीवा एवं इंदौर में दबिश देकर 24 घंटे के अंदर आरोपियों को गिरफ्तार करने में पुलिस ने सफलता हासिल की.**



प्राप्त जानकारी के मुताबिक बहुरीबांध निवासी कौशल प्रसाद तिवारी ने चोरहटा थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि शेयर मार्केट कम्पनी में निवेश करने का झासा देकर उनके साथ 31,36,478 रूपये अलग-अलग बैंक खातों एवं नगदी जमा कर धोखाधड़ी की गई है. शिकायत के बाद पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में प्रकरण दर्ज कर अलग-अलग टीम बनाई गई. साइबर सेल एवं चोरहटा पुलिस की संयुक्त टीम गठित की गई और दबिश देकर सभी 9 आरोपियों तक पुलिस पहुंच सकी. आरोपी शेयर मार्केट में पैसा लगाकर लोगो के साथ धोखाधडी कर रहे थे. पूरे रैकेट का पर्दाफास करने में पुलिस को काफी मसक्कत करनी पड़ी. साइबर निरीक्षक वीरेन्द्र पटेल, विजय सिंह बघेल, निरीक्षक आशीष मिश्रा आदि की अहम भूमिका रही.

**कार सहित नोट गिनने की मिली मशीन** -धोखाधड़ी का मामला जब पुलिस के पास पहुंचा तो होश उड़ गये. साइबर सेल की मदद से चोरहटा पुलिस रीवा एवं इंदौर में दबिश देकर सभी 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया. जिनसे पूंछताछ के बाद न्यायालय में पेश किया गया. आरोपियों के पास से टाटा नेक्शॉन कार कीमत 15 लाख, टीव्हीएस जुपीटर स्कूटी कीमत 1 लाख रूपये, नगद 51300 रूपये, 14 नग मोबाइल फोन, कुल तीन नग नोट गिनने की मशीन बरामद की गई.

### पुलिस ने इन्हें किया गिरफ्तार

पकड़े गये आरोपियों में अशोक भाई पटेल पिता बिठल भाई पटेल निवासी कहोडा सिटी युनजा जिला महसाना गुजरात, निकुन्ज भाई ओझा पिता स्व. अशोक भाई ओझा निवासी ग्राम सुडिया थाना बडनगर जिला महसाडा गुजरात, प्रवीण भाई पटेल पिता स्व. मफत लाल पटेल निवासी कामली थाना उंजा जिला महसाडा गुजरात, विजय कुमार नाई पिता पिथू भाई निवासी गैरिता जिला महसाना गुजरात, निकुल कुमार पिता दशरथ भाई पटेल निवासी गिरिता ओलवाडा गुजरात, प्रीतपाल सिंह धालीवाल पिता हरभजन सिंह धालीवाल निवासी सिख मोहल्ला कोठारी मार्केट के पास इन्दौर, विनोद यादव पिता स्व सुरेश यादव निवासी संगम नगर एरोडम इन्दौर, शुभम कनौजिया पिता अनिल कुमार कनौजिया निवासी गोविन्द कालोनी इन्दौर, देवेन्द्र सिंह पिता प्रहलाद सिंह निवासी गोविन्द कालोनी इन्दौर शामिल है. सभी से पूंछताछ की गई.

### धोखाधड़ी करने वाले 9 आरोपी गिरफ्तार : आशीष

चोरहटा थाना प्रभारी आशीष मिश्रा ने बताया कि शेयर मार्केट में निवेश करने के नाम पर झासा देकर फरियादी से 31 से अधिक रूपये जमा कराये गये. शिकायत के बाद साइबर सेल की मदद से दबिश देकर 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है. जिनके पास से तीन नोट गिनने वाली मशीन, 14 नग मोबाइल एवं 51300 रूपया बरामद करने के साथ एक कार भी जप्त की गई है.



# राज्यपाल मंगू भाई पटेल ने मऊगंज के सलैया खास में ग्रामीणों से किया संवाद

नवभारत न्यूज

**रीवा, 25 फरवरी, राज्यपाल मंगुभाई पटेल मऊगंज जिले में अपने प्रथम प्रवास के तहत हनुमना विकासखंड अंतर्गत ग्राम सलैया खास पहुंचे. यहाँ उन्होंने ग्रामीणों और शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों व स्थानीयजनों से संवाद कर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की.**

राज्यपाल श्री पटेल सबसे पहले ग्राम पंचायत सलैया खास के आदि सेवा केंद्र पहुंचे. यहाँ उन्होंने आंगनबाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं से विस्तार से चर्चा की. उन्होंने बच्चों के पोषण स्तर, स्वास्थ्य जांच और टीकाकरण की प्रगति के बारे में जानकारी ली. राज्यपाल ने कार्यकर्ताओं के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें समर्पण भाव से सेवा करने के लिए प्रोत्साहित किया. कार्यक्रम का सबसे मुख्य आकर्षण आदि सेवा केंद्र परिसर में स्थित विशाल वट वृक्ष के नीचे आयोजित ग्रामीण चौपाल रही. इस दौरान सरपंच इंदरनिया कोल, समाजसेवी मोती लाल बेग, जगरनाथ कोल, राज कुमार गोड़ और सुदर्शन गोड़ से राज्यपाल ने संवाद किया. राज्यपाल ने ग्रामीणों से रूबरू होते हुए कहा कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति को सशक्त बनाना है. उन्होंने अपील की कि लोग स्वयं जागरूक होकर आगे आएं और इन योजनाओं का अधिकतम लाभ लें. राज्यपाल ने स्थानीय स्तर पर चल रहे विकास कार्यों की भी समीक्षा की और कहा कि विकास की धारा हर घर तक पहुंचे. जिला पुलिस बल द्वारा राज्यपाल को 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया गया.

# गला घोंट कर युवक की हत्या, पहचान छिपाने सिर को कुचला

नवभारत न्यूज

**रीवा, 25 फरवरी, शहर के बिछिया थाना अन्तर्गत बुधवार की सुबह कुठुलिया मोहल्ले में उस समय हडकम्प मच गया जब नदी में एक युवक का शव मिला.**

मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकाल कर जांच की. गले में निशान पाया गया, युवक की गला घोट कर हत्या करने के बाद पहचान छिपाने के लिये सिर को पत्थर से कुचला गया और शव को नदी में फेंक दिया गया. मृतक की पहचान नही हो पाई है, फिलहाल पुलिस जांच में जुटी है. बुधवार की सुबह बिछिया कुठुलिया के पास से गुजरने वाली बीहर नदी में एक युवक का शव मिला. जिसकी उम्र लगभग 25 से 28 वर्ष की होगी. स्थानीय लोगो ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी, मौके पर एफएसएल की टीम के साथ पुलिस पहुंची और शव को बाहर निकाला. गले में निशान मिला जिससे यह पता चला कि गला घोट कर युवक की हत्या की गई और पहचान छिपाने के लिये सिर को पत्थर से कुचल दिया गया. मृतक के पहने हुए पकड़ो में कोई भी पहचान पत्र नही मिला है जिसके चलते उसकी पहचान नही हो सकी. जिले के सभी थानो को सूचना दी गई है और शव संजय गांधी अस्पताल के मर्चुरी में रखा गया है. किन परिस्थितियों में युवक की हत्या हुई युवक कौन है तमाम बिन्दुओं की जांच पुलिस कर रही है.

# प्रतिमा क्षतिग्रस्त किए जाने से आक्रोश

नवभारत न्यूज

**रीवा, 25 फरवरी, रीवा जिले के त्योथर तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत पैरा इटहवा गांव में असामाजिक तत्वों द्वारा बजरंगबली की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त किए जाने का मामला सामने आया है.**

घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश है वही घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है. जानकारी के अनुसार अज्ञात व्यक्तियों ने हनुमान मंदिर परिसर में स्थापित भगवान हनुमान की प्रतिमा को तोड़ते हुए आंख को नुकसान पहुंचाया, जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है. घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामवासी एकत्रित हो गए और विरोध जताते हुए सोहागी थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई. ग्रामीणों ने सख्त कार्रवाई की मांग की है.

## संक्षिप्त




### कृषि विज्ञान केन्द्र में आयोजित हुआ कृषक प्रशिक्षण

**रीवा,** राष्ट्रीय कृषि विकास योजनांतर्गत एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण का आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र के सभागार में किया गया. विकासखण्ड रीवा के कृषकों को वैज्ञानिकों द्वारा प्रशिक्षित किया गया, डॉ ए. के. पाण्डेय वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा कृषकों को खेत में नरवाई नहीं जलाने हेतु सलाह दी गई. बताया गया कि नरवाई नहीं जलाने से मित्र कीटों की सुरक्षा, मिट्टी की उर्वरता में वृद्धि, जल धारण क्षमता में सुधार होता है. प्राचार्य कृषि विस्तार एवं प्रशिक्षण संस्थान कुठुलिया द्वारा कृषकों को ग्रीष्मकालीन गहरी जुताई के महत्व के बारे में कृषकों को जानकारी दी गई, गर्मियों में गहरी जुताई से मिट्टी में छिपे हानिकारक कीट दीमक उनके अंडे एवं फफूंद के जीवाणु तेज धूप में नष्ट हो जाते है. डॉ बी.पी. सिंह सहायक संचालक कृषि रीवा, द्वारा कृषकों को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई. वर्ष 2026 कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है. इस संबंध में गतिविधियों की जानकारी दी गई. कार्यक्रम में यू.पी. बागरी उप संचालक कृषि, संजय श्रीवास्तव प्राचार्य कृषि विस्तार एवं प्रशिक्षण संस्थान, डॉ. ए. के. पाण्डेय वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केन्द्र, डॉ बी.पी. सिंह सहायक संचालक कृषि, श्रीमती रूचिका मिश्रा अनुविभागीय कृषि अधिकारी, डॉ संजय सिंह, डॉ सी. जे. सिंह, संदीप शर्मा, सुश्री साक्षी द्विवेदी, वर्षा पटेल, पुनीतचन्द्र मिश्रा एवं विभिन्न ग्रामों के महिला पुरूष कृषक उपस्थित रहे.

### जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक आयोजित

**रीवा,** जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई. इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि हितग्राहीमूलक योजनाओं का नियत समय पर ऋण स्वीकृत करते हुए उनका वितरण सुनिश्चित करें. बैंकर्स व विभागीय अधिकारी समन्वय के साथ केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित स्वयोजनाओं का पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाएं. कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित डीएलसीसी की बैठक में सीडी रेशियो में कम प्रगति होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कलेक्टर ने कहा कि सभी लक्ष्य 10 मार्च तक पूरा करें. इस अवसर पर वार्षिक क्रेडिट प्लान को बेहतर बनाने तथा अधिक से अधिक किसान क्रेडिट कार्ड वितरित किए जाने की बात बैंकर्स से कही गई. कलेक्टर ने कहा कि पीएम विश्वकर्मा योजना शासन की प्राथमिकता में है इसमें 10 मार्च तक लक्ष्य पूर्ण नहीं हुआ तो कार्यवाही की जायेगी. बैठक में भारतीय रिजर्व बैंक के प्रतिनिधि रामनागर, एलडीएम जगमोहन, डीडीएम नाबार्ड सरोज जेना सहित बैंकर्स व विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे.

### लंबित मांगों को लेकर कर्मचारी संघ ने सौंपा ज्ञापन

**रीवा,** मध्यप्रदेश शासन के कर्मचारियों की लंबित मांगों का निराकरण करने के लिए रीवा जिला स्तर पर मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा गया,मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ की ओर से कहा गया कि मुख्यमंत्री की घोषणाओं का स्वागत करते हुए कर्मचारियों कि विभिन्न लंबित मांगों के निराकरण के लिए लगातार ज्ञापन पत्रों के माध्यम से अवगत करा कर निराकरण का अनुरोध किया जा रहा है. पूर्व में तहसील स्तर, जिला स्तर एवं प्रदेश स्तर पर कर्मचारी प्रतिनिधियों द्वारा ज्ञापन दिये गये. जिसके उपरान्त समस्याओं के निराकरण के लिए आश्वासन दिया गया था. लेकिन आज दिनांक तक समस्याओं का निराकरण नही किया गया. मांगो का निराकरण न होने से कर्मचारियों में लगातार रोष व्याप्त हो रहा है. संघ ने मांग की है कि कर्मचारियों की मांगो का निराकरण जल्द से जल्द कराया जाए.

# अस्पताल से मासूम लापता, चौराहे में मिला घूमते हुए

नवभारत न्यूज

**रीवा, 25 फरवरी, रीवा के गांधी मेमोरियल अस्पताल में उस वक्त हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई जब ढाई वर्षीय मासूम बच्चा अचानक वार्ड से लापता हो गया.**

घटना के बाद एक ओर जहां मां बेटे की तलाश में इधर-उधर भटक रही थी वहीं दूसरी ओर अस्पताल के सुरक्षा कर्मियों को मासूम बच्चा अस्पताल के बाहर चौराहे के समीप भटकता हुआ मिला. जिसे सुरक्षाकर्मी अस्पताल पुलिस चौकी पहुंचे इस दौरान बच्चे की मां भी वही पहुंच गई जिसके बाद मामला शांत हुआ. मिली जानकारी के मुताबिक रीवा के गांधी मेमोरियल अस्पताल में उत्तर प्रदेश के सोनभद्र निवासी सुनीता नामक महिला अपनी बेटी जूही को उपचार के लिए भर्ती कराई थी. बताया गया है कि आज सुबह वह बेटी के साथ अपने ढाई वर्षी मासूम बेटे रेवांस को छोड़कर दवा लेने चली गई थी इस दौरान अचानक बेटा कहीं चला गया. मां जब वापस लौटकर बेटी के पास आई तो देखा कि बेटा गायब है.

# शिवा मिष्ठान भंडार में पहुंची खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम, मिली गंदगी

नवभारत न्यूज

**रीवा, 25 फरवरी, खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा होली के त्योहार के दृष्टिगत मिष्ठान विक्रेताओं की जाँच के संबंध में विशेष अभियान आरंभ किया गया.**



जाँच के दौरान न्यू बस स्टैंड स्थित मिष्ठान विक्रेताओं की जाँच की गई. शिवा मिष्ठान भंडार में अत्याधिक गंदगी पाई गई एवं अनहाइजीनिक परिस्थितियों में मिष्ठान एवं नाश्ता बनाते विक्रय करते पाए गए. प्रतिष्ठान के किचेन में फर्श अत्यधिक गंदा पाया गया. मिठाइयां एवं समोसे इत्यादि खुले में रोड के किनारे विक्रय किया जा रहा था जिसमें मक्खियां बैठ रही थी एवं रोड की धूल मिट्टी से खाद्य सामग्री संदूषित हो रही थी. प्रतिष्ठान में गुणवत्ता की शंका के आधार पर मिल्क केक एवं बर्फ़ी के नमूने जाँच के लिये गये. जाँच के दौरान टीम द्वारा फॉरेवर स्वीट्स की जाँच की गई. प्रतिष्ठान प्रभारी को किचन में स्वच्छता बनाए रखने के संबंध में निर्देश दिए गए. टीम द्वारा पेड़ा एवं बर्फ़ी के नमूने जाँच हेतु गए.

फॉरएवर स्वीट्स में पिछले वर्ष जाँच के दौरान अस्वच्छ परिस्थितियों पाए जाने से न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है. टीम द्वारा जाँच के दौरान मधुरम रेस्टोरेंट से मिलावट की शंका के आधार पर नमूने जाँच हेतु लिए गए. टीम में संभागीय उड़न दस्ता प्रभारी अमरीश दुबे, खाद्य सुरक्षा अधिकारी साबिर अली मौजूद थे.

# रोजगार मेले में 484 युवाओं को मिला रोजगार

नवभारत न्यूज

**रीवा, 25 फरवरी, युवा संगम कार्यक्रम के तहत शिक्षण संस्थाओं में रोजगार मेलों का प्रतिमाह आयोजन किया जा रहा है. कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल के मार्गदर्शन में टी.आर.एस. कॉलेज रीवा में वृहद रोजगार मेला आयोजित किया गया.**



मेले में 775 आवेदकों ने पंजीयन कराया. मेले में शामिल 34 कंपनियों ने 484 युवाओं का चयन किया. उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में विन्ध्या टेलीलिंक लिमिटेड चोरहटा रीवा में 7, आमधनी आपोलो टायर्स लि. बड़ोदरा गुजरात में 17, बजाज आटो लिमि. चाकन/औरंगाबाद में 16, प्रगतिशील एग्रोटेक प्रा. लि. रीवा में 9, एचडीएफसी लाईफ इश्योरेन्स कंपनी लि. रीवा में 28, प्राकृतशील बॉयोटेक प्रा.लि. सवेरा होटल के पास सतना में 27 तथा अलर्ट एसजीएस प्रा. लि. रायपुर छत्तीसगढ़ में 20 युवाओं का चयन किया गया. रोजगार मेले के सफल आयोजन में जिला रोजगार कार्यालय, टीआरएस कॉलेज के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा.

# नई नीतियों के विरोध में दो मार्च से बसों की अनिश्चितकालीन हड़ताल

नवभारत न्यूज

**रीवा, 25 फरवरी, बस ऑनर्स एसोसिएशन रीवा संभाग ने स्टेज कैरिज बसों के संचालन को लेकर लागू की जा रही नई केंद्रीय और राज्य नीतियों के विरोध में 2 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी है.**

एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर रीवा को ज्ञापन सौंपकर अपनी मांगें रखी है. एसोसिएशन के अध्यक्ष सरदार पहलाद सिंह, सचिव प्रमोद सिंह और कोषाध्यक्ष रमेश तिवारी ने बताया कि 22 फरवरी को सागर में प्रदेशभर के बस मालिकों और प्रमुख पदाधिकारियों की बैठक में नई नीति के बिंदुओं पर चर्चा की गई. बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यदि शासन स्तर पर संशोधन नहीं किए गए तो आंदोलन किया जाएगा. उनका कहना है कि नई व्यवस्था से निजी बस संचालकों पर आर्थिक और प्रशासनिक दबाव बढ़ रहा है.

# संजय त्रिपाठी बने राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रदेश अध्यक्ष

नवभारत न्यूज

**रीवा, 25 फरवरी, महाकाल की पावन नगरी उज्जैन में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के राष्ट्रीय अधिवेशन में विंध्य क्षेत्र के सशक्त सामाजिक कार्यकर्ता संजय त्रिपाठी को विंध्य प्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया.**



यह नियुक्ति संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. प्रवीण भाई तोगड़िया द्वारा संगठन विस्तार, वैचारिक सशक्तिकरण और जनसंपर्क को गति देने के उद्देश्य से की गई. डॉ. तोगड़िया ने कहा कि विंध्य क्षेत्र सांस्कृतिक और आध्यात्मिक दृष्टि से अत्यंत समृद्ध है तथा यहाँ संगठन के विस्तार की व्यापक संभावनाएँ हैं. उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि संजय त्रिपाठी के नेतृत्व में संगठन न केवल मजबूत होगा बल्कि राष्ट्रहित,सेवा और संस्कार के कार्यों को नई दिशा मिलेगी. आने वाले समय में विभिन्न सामाजिक,धार्मिक और सेवा गतिविधियों के माध्यम से संगठन की उपस्थिति को और सशक्त बनाया जाएगा. संजय त्रिपाठी की इस नियुक्ति को विंध्य क्षेत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है.

### विंध्य क्षेत्र में संगठन विस्तार पर जोर

प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाने के बाद संजय त्रिपाठी ने कहा कि उन्हें जो दायित्व सौंपा गया है,वह केवल एक पद नहीं बल्कि राष्ट्र,धर्म और समाज की सेवा का संकल्प है. उन्होंने कहा कि संगठन के मूल उद्देश्य 'राष्ट्रभक्ति, सांस्कृतिक संरक्षण, सामाजिक समरसता और युवा शक्ति को सकारात्मक दिशा देने' को जन-जन तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी. उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि विंध्य क्षेत्र के प्रत्येक जिले, नगर और ग्राम स्तर तक संगठन का विस्तार किया जाएगा तथा युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया जाएगा.

# बीहर रिवर फ्रंट के शेष कार्य को शीघ्र पूर्ण करें : शुक्ल

नवभारत न्यूज

**रीवा, 25 फरवरी, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय में रीवा शहर में पुनर्घनत्वीकरण योजना की प्रगति एवं आगामी कार्ययोजना की विस्तृत समीक्षा की.**



उन्होंने विभिन्न विकास योजनाओं, अधोसंरचना उन्नयन तथा सौंदर्यीकरण कार्यों पर विस्तार से चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए. उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने विशेष रूप से बीहर नदी के रिवर फ्रंट विकास कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि नदी के पूर्वी तट का सौंदर्यीकरण कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि पश्चिमी तट का कार्य शेष है. उन्होंने पश्चिमी तट पर शेष रिवर फ्रंट कार्य को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए. उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि बीहर नदी के दोनों तटों का समग्र विकास होने से रीवा शहर को विशिष्ट पहचान मिलेगी. इसके साथ ही पुनर्घनत्वीकरण योजना अंतर्गत अन्य प्रस्तावित कार्यों को भी समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए. बैठक में परियोजनाओं के क्रियान्वयन की गति बढ़ाने, आवश्यक प्रशासनिक एवं तकनीकी स्वीकृतियों को शीघ्र पूर्ण करने तथा समन्वय के साथ कार्य करने पर बल दिया गया. उन्होंने केंद्रीय जेल रीवा में पुनर्घनत्वीकरण योजना के कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए. बैठक में मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल के आयुक्त गौतम सिंह मौजूद रहे.

# नालियों की सफाई न होने से पनप रहे मच्छर

**रीवा, 25 फरवरी,** नगर निगम द्वारा समय-समय पर नालियों की सफाई कराई जाती है पर कुछ ऐसे वार्ड है जहा बंद नालियों की सफाई न होने से गंदगी और मच्छरों से लोग परेशान है. वार्ड 32, 34 सहित 38 में खुली नालियों की सफाई तो करा दी जाती है लेकिन जो बंद नालियां है उनकी सफाई न होने से मच्छरो का प्रकोप इस कदर है कि लोग परेशान है.

# नगर निगम के विशेष शिविर में जमा हुए लाखों रुपए

नवभारत न्यूज

**रीवा, 25 फरवरी, नगर निगम द्वारा बुधवार को शिविर लगाकर सम्पत्तिकर जमा कराया गया.**

विशेष कर संग्रहण शिविरों के माध्यम से सम्पत्तिकर राशि जोनवार जोन क्र. 01 में 20 लाख 76 हजार, जोन क्र. 02 में 19 लाख 16 हजार, जोन क्र. 03 में 47 लाख वही जोन क्र. 04 में 18 लाख 39 हजार सहित कुल 1 करोड़ 5 लाख 31 हजार रू. संग्रहित की गई. इसके अतिरिक्त किराया शाखा से 20 लाख 82 हजार रू. निगम कोष में जमा कराया गया. इसके अलावा जलकर राशि 620729 रू. एवं अवैध कालोनियों के वैधीकरण प्रक्रिया के तहत राशि 518200 रू. शिविर में जमा कराई गई. उल्लेखनीय है कि वर्तमान में स्वयं के निवास का संपत्तिकर जमा करने पर वर्तमान वित्तीय वर्ष में 50 प्रतिशत की विशेष छूट दी जा रही है, जिसके अंतर्गत नगरवासियों द्वारा शिविर का लाभ उठाकर उक्त राशि जमा कराई गई.

नगर निगम द्वारा अपील की गई है कि सभी करदाता अपने बकाया करों का भुगतान शीघ्र करें.